University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 06 September 2020

आज दिनाँक 06 सितम्बर 2020 को लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने परीक्षा नियंत्रक प्रो ए एम सक्सेना एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ कल से प्रारम्भ होने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में ऑनलाइन एक बैठक की।

इस बैठक में सभी प्राचार्यों को कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुसार परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए गए। उनसे ये कहा गया कि परीक्षा केंद्र को रेगुलर सैनिटाइज करवाएंगे, सभी परीक्षार्थी मास्क पहने होंगे, यदि कोई परीक्षार्थी मास्क न पहनें हो तो केंद्र पर मास्क की व्यवस्था रखें जिससे उसे तुरंत मास्क उपलब्ध करवाया जा सके, केंद्र के गेट पर सैनिटाइजर हो और समस्त परीक्षार्थियों के मध्य एक निश्चित दूरी हो। इसके साथ ही उन्हें ये भी निर्देश दिए गए कि सम्पूर्ण परीक्षा शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाय और परीक्षा केंद्रों के सभी सी सी टी वी कैमरे कार्य कर रहे हों।

कल की प्रातः कालीन परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में कुल 121 परीक्षार्थी और 45 विभिन्न केंद्रों पर कुल 1827 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जबकि सायं कालीन परीक्षा में परिसर में कुल 168 परीक्षार्थी और 25 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कुल 999 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।